**आयोजन** | चोरईया में जनजातीय गौरव दिवस एवं रात्रि चौपाल का आयोजन, ग्रामीणों ने बताईं समस्याएं

# ग्रामीणों के कई प्रकरणों का मौके पर हुआ निराकरण

**नवभारत,दमोह.** भगवान बिरसा मुंडा जी की 150वीं जयंती के अवसर पर हटा ब्लॉक की दूरस्थ आदिवासी अंचल की ग्राम पंचायत चोरईया में जनजातीय गौरव दिवस एवं रात्रि चौपाल का गरियामय आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों और अधिकारियों ने भगवान बिरसा मुंडा जी के चित्र पर माल्यार्पण कर की। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत दमोह प्रवीण फुलपगारे ने ग्रामीणों से कहा, वे अपनी समस्याएं खुलकर बताएं ताकि उचित समाधान किया जा सके। ग्रामीणों ने स्वास्थ्य केंद्र में स्टाफ की पदस्थापना, बिजली समस्या, नल-जल योजना के अधूरे कार्य, पुलिस बल की मांग, आधार अपडेटिंग, पुलिया निर्माण, स्कूल भवन निर्माण और वनभूमि पट्टे जैसी समस्याएं रखीं। अधिकारियों ने कई शिकायतों का मौके पर ही समाधान कराया तथा तहसील एवं जिला स्तर की समस्याओं के लिए आवेदन सूचीबद्ध किए गए।



जनपद पंचायत हटा के सीईओ संजय गोस्वामी ने पंचायत विभाग की योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 'मां की बगिया योजना' के अंतर्गत स्व-सहायता समूहों को पौधारोपण के लिए तीन वर्ष में तीन लाख रुपये तक का भुगतान किया जाएगा। इसके अलावा उन्होंने मुख्यमंत्री कल्याणी योजना, कन्या अभिभावक पेंशन योजना, दिव्यांग पेंशन योजना और एसआईआर कार्यों की जानकारी भी दी। चौपाल में ग्राम पंचायत चोरईया में स्टॉप डेम, गौशाला और खेल मैदान निर्माण के लिए तीन आवेदन प्रस्तुत किए गए।

बीआरसी एम.एल. अहिरवार ने शिक्षा विभाग की योजनाओं की जानकारी देते हुए पुस्तक वितरण, साइकिल योजना, छात्रवृत्ति, छात्रावास और खेल गतिविधियों के संबंध में जानकारी दी।जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि अभिषेक जैन सहित जनप्रतिनिधियों ने घोघरा और पाठा के अधूरे स्कूल भवन, बिजली समस्या, स्टॉप डेम निर्माण और पराली जलाने के वैकल्पिक उपायों पर अधिकारियों का ध्यान आकर्षित कराया।

### विभिन्न विभागों के लगाए गए स्टॉल

चौपाल में पंचायत, महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य, बिजली, शिक्षा, राजस्व और वन विभाग के स्टॉल लगाए गए। अधिकारियों ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और आवश्यक समाधान किए।

### स्वास्थ्य विभाग ने की जांचें और उपचार

स्वास्थ्य विभाग के स्टॉल पर ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण, एनीमिया जांच और अन्य जांचें की गईं। कई ग्रामीणों को तत्काल स्वास्थ्य लाभ भी दिया गया।

### चौपाल में रही ग्रामीणों की उत्साहपूर्ण उपस्थिति

कार्यक्रम में ग्राम पंचायत चोरईया सरपंच गोबन्दी आदिवासी, आत्मा सिंह लोधी, धन्नू आदिवासी, अभिषेक जैन, डॉ. अंशुल छिरोलया, तहसीलदार आलोक जैन, नायब तहसीलदार शिवराम चढ़ार, परियोजना अधिकारी शिव राय, बीएमओ डॉ. उमाशंकर पटेल, बीइओ श्री विदोलया, जेई प्रदीप पटेल सहित बड़ी संख्या में पटवारी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता, पंचायत सचिव और रोजगार सहायक उपस्थित रहे।

### नायब तहसीलदार ने मतदाताओं को किया जागरूक

चौरईया में आयोजित चौपाल में नायब तहसीलदार हटा शिवराम चढ़ार ने ग्रामीण और मतदाताओं को एसआईआर कार्य की जानकारी देकर सभी से आग्रह किया, आप सभी बीएलओ का सहयोग करते हुए अपनी आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराये और एसआईआर प्रक्रिया अंतर्गत किये जा रहें कार्य पूर्ण करें और आपकी मतदाता सूची अपडेट हो सके।



## रोजगार भी मिलेगा और वे आत्मनिर्भर होंगे : करोसिया

**नवभारत,दमोह.** राज्य सफाई कर्मचारी आयोग (कैबिनेट मंत्री स्तर) के अध्यक्ष प्रताप करोसिया ने कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में नगरपालिका, स्वास्थ्य, श्रम, आदिमजाति कल्याण विभाग के अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर, एडीशनल कलेक्टर मीना मसराम, एडीशनल एसपी सुजीत सिंह भदौरिया, सीएमएचओ डॉ. राकेश अठ्या, नगरीय परियोजना अधिकारी कपिल खरे सहित विभिन्न विभागों के अधिकारीगण, सफाई कर्मचारियों के प्रतिनिधी भी मौजूद थे।

उन्होंने बैठक में कहा इंदौर नगर निगम में लोन मेला लगाकर सफाई कर्मचारियों को वाहन आदि के प्रकरण, बैंक गारंटी निगम द्वारा दी गई और सफाई कर्मियों ने लोन लिया उनकी वहां मशीन निगम में संलग्न की गई । आज वह लोग जहां एक और बैंक से लिया गया लोन चुका पा रहे हैं और अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को भी मजबूत कर रहे हैं। इस दिशा में भी जिले की नगरी निकाय कदम बढ़ाए शासन की यह अच्छी योजना है, योजना का भाव अच्छा है, अच्छे भाव से काम करें, लोगों के जीवन में बदलाव आएगा।

उन्होंने कहा कि सफाई कामगारों को परियोजना अधिकारी प्रशिक्षण करवायें इसके बाद इन कामगार को रोजगार भी मिलेगा और वह आत्मनिर्भर होंगे इससे समाज में बदलाव भी आएगा। उन्होंने अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरणों पर 15 दिन के भीतर निराकरण करके अनुकंपा नियुक्ति सफाई कर्मचारियों को दी जाये । उन्होंने कहा जो आवासहीन सफाई कर्मचारी हैं उनको आवास उपलब्ध हो और सफाई कर्मचारियों के पुत्र-पुत्रियों को अस्वच्छ धंधो से जुड़े होने के कारण उनको अन्य रोजगारों में रखा जाए।

## एक नजर में



### मिर्जापुर में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन

**नवभारत,पथरिया/दमोह ।** माननीय मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशन में एवं माननीय सुभाष सोलंकी प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश महोदय दमोह के सारगर्भित मार्गदर्शन में दिनांक 12 नवंबर 2025 को ग्राम पंचायत भवन मिर्जापुर में माननीय सुश्री जूही सिह न्यायिक मजिस्ट्रेट एवं अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति पथरिया द्वारा शिविर का आयोजन किया गया। उक्त आयोजित शिविर में माननीय न्यायधीश महोदया द्वारा संपत्ति में अधिकार,घरेलू हिंसा से महिला संरक्षण अधिनियम,साइबर क्राइम,आधार कार्ड,आयुष्मान कार्ड की उपयोगिता एवं आवश्यकता के संबंध में जानकारी दी गई ।उक्त आयोजित शिविर में सरपंच,सचिव एवं ग्रामीणजनों की उपस्थिति रहीं।

### छात्रा के आत्महत्या मामले में जांच में जुटी पुलिस

**नवभारत,दमोह .**जिले के देहात थाना क्षेत्र आने वाली जबलपुर नाका चौकी के समीप ग्राम जमुनिया में अपने मामा के निवास पर 14 वर्षीय नाबालिग 9वीं की छात्रा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. जिसे तत्काल उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया था, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया . प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतिका पूनम पिता मनोज अठाया निवासी फुटेरा कला की मौत हो जाने जबलपुर नाका चौकी से एएसआई अभय सिंह और आरक्षक गौरव ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कार्रवाई की . वहीं शव को जिला अस्पताल के शव गृह में रखा गया है, शव को पोस्टमार्टम के लिए रवाना किया जाना था. लेकिन परिजनों का कहना था कि पहले कार्रवाई हो तभी हम शव पोस्टमार्टम के लिए ले जाएंगे.



### पथरिया के शुभांशु का सिविल जज में चयन

**नवभारत,दमोह.** दमोह जिले के पथरिया निवासी शुभांशु सोनी ने कठिन परिश्रम और मजबूत इरादों के बल पर सिविल जज बनकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। यह उपलब्धि पहले ही प्रयास में हासिल कर यह साबित कर दिया कि बड़े सपनों को पूरा करने के लिए केवल हौसला और निरंतर मेहनत की आवश्यकता होती है। पथरिया के वार्ड 12 पूर्व पार्षद संजय सोनी के सुपुत्र शुभांशु का जीवन सरल रहा, लेकिन उनके सपने हमेशा ऊंचे थे। शुभांशु की शुरुआती पढ़ाई सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल पथरिया से हुई और लॉ की पढाई डॉ. हरि सिंह गौर विश्वविद्यालय सागर से पूरी की। स्नातक की पढ़ाई पूरी करने के बाद उन्होंने पूरी लगन से न्यायिक सेवा परीक्षा की तैयारी शुरू कर दी। बधाई देने वाले में प. राजेन्द्र गुरु, मदन सोनी, चाचा संदीप सोनी, सजीव सराफ मोनू बजाज, प्रबल सोनी, शांतुन सोनी, दीपाली भोजक, अशु अग्रवाल दिनेश अग्रवाल आदि ने बधाई दी।






## पावरग्रिड द्वारा जिला चिकित्सालय को अत्याधुनिक चिकित्सा उपकरण प्रदान

**नवभारत,दमोह.** गुरुवार को राजेश कुमार गुप्ता, क्षेत्रीय प्रमुख,पक्षे-प्प् के मार्गदर्शन व नेतृत्व में प क्षे-प्प् द्वारा पावरग्रिड की सीएसआर पहल के तहत जिला चिकित्सालय, दमोह को प्रदत्त 89.64 रूपये लाख मूल्य के विभिन्न चिकित्सा उपकरणों का लोकार्पण किया गया.इन उपकरणों के माध्यम से दमोह व आस-पास के ज़िले के मरीज़ों को भी उच्च गुणवत्ता वाली चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध हो पाएंगी. इन उपकरणों से मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल पाएंगी.इस लोकार्पण कार्यक्रम में सुधीर कुमार कोचर कलेक्टर, राजेश कुमार गुप्ता क्षेत्रीय प्रमुख,पक्षे-प्प, राजेन्द्र कुरवा मुख्य महाप्रबंधक पावरग्रिड, अजित परिडा महाप्रबंधक (मा सं), पावरग्रिड, डॉ. राजेश अठया, मुख्य चिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारी, दमोह, डॉ प्रह्लाद पटेल सिविल सर्जन, डॉ मुकेश जैन की गरिमामयी उपस्थिति रही और मंच के सामने पावर ग्रेड के पीपी सिंह, जिला अस्पताल के डॉक्टर राकेश राय, डॉ विजय कुमार पथोरिया, डॉ एपी जैन, दो मनीष संगतानी, डॉक्टर सुधीर आर्य, वीरेंद्र असाटी सहित स्टाफमौजूद रहा.

## कलेक्टर ने पौड़ी मानगढ़ में लगाई रात्रिकालीन चौपाल

▸ सुनी आमजन की समस्याएं, अधिकारियों को दिए निर्देश

**नवभारत,दमोह.**धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा जी की 150 वीं जन्म जयंती समारोह के अवसर पर ग्राम पौड़ी मानगढ़ में कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने रात्रि कालीन जन चौपाल में शामिल होकर ग्रामीणजनों की समस्याओं को सुना और संबंधित विभाग के अधिकारियों को समस्याएं निराकरण करने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर भावसिंह मासाब, रूपेश सेन, सीईओ जनपद पंचायत जबेरा डॉ. रामेश्वर पटेल, नायब तहसीलदार अटल बिहारी वर्मा, सहायक आपूर्ति अधिकारी आदित्य दाहिया सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद थे ।कलेक्टर श्री कोचर ने विद्युत की समस्या पर विद्युत वितरण के अधिकारियों को बिजली व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए।



उन्होंने राजस्व प्रकरणों पर भी सुनवाई की। राधेश्याम राय ने अपनी जमीन से संबंधित जमीन का प्रकरण कलेक्टर के समक्ष रखा। इस संबंध में कलेक्टर ने वनमण्डलाधिकारी से दूरभाष पर चर्चा की। यहां गांव की महिलाओं ने पानी और जमीन संबंधी समस्या रखी। इस संबंध में उन्होंने तहसील न्यायालय में प्रकरण रखने की बात कही ।कलेक्टर ने शिविर में आए ऐसे आवेदक जिनके आवेदन नहीं थे, उनके आवेदन मौजूद कर्मचरियों से लिखाए और संबंधित विभागों को देकर निराकरण के निर्देश दिए.कृषि विभाग ने अपने स्टाल पर 14 किसानों को मसूर मिनी किट के लिए रजिस्ट्रेशन किए। नरेंद्र सिंह ठाकुर वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी जबेरा, के.एल चौरसिया, सुश्री दर्शिका दुबे, दिनेश पटेल कृषि विस्तार अधिकारी मौजूद रहे। सिकल सेल एनीमिया जांच उपचार किया गया जिसमें 50 मरीजों की जांच की गई। जानकारी देते हुए लैब टेक्नीशियन अशोक आर्य ने बताया दो मरीज पॉजिटिव पाए गए। भारतीय स्टेट बैंक द्वारा ग्राहकों के लिए ई केवाईसी सेवा सहित बैंकिंग संबंधी जानकारी दी गई।

कियोस्क संचालक सौरभ ताम्रकार, प्रवीण मिश्रा द्वारा ग्राहकों की ई केवाईसी की गई। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जबेरा द्वारा मरीज के लिए ओपीडी स्टॉल लगाया गया जिसमें 30 मरीज ने स्वास्थ्य लाभ लिया। शासकीय सान्दीपनि विद्यालय जबेरा की शिक्षकों द्वारा छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति योजना की जानकारी, चित्रकला,प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताएं कराई गई।

# पिपरिया के खेत में छिपा तेंदुआ



▸ दूसरे दिन भी वन विभाग के हाथ खाली

**नवभारत, पटेरा/दमोह.**वन परिक्षेत्र के अंतर्गत पिपरिया (बिछुआ) गांव में अरहर के खेत में घुसे तेंदुए को तलाश करने में वन विभाग की टीम को गुरूवार को तीसरे दिन भी कोई सफलता नहीं मिल पाई है. तेंदुआ अभी भी वन विभाग के कब्जे में नहीं आ पाया है. जिससे पूरे इलाके के ग्रामीणों और किसानों में दहशत बनी हुई है.

डर के कारण किसान अपने खेतों में जाने से बच रहे हैं और सभी को जल्द से जल्द इस खूंखार जानवर के पकड़े जाने का इंतजार है ताकि वे राहत की सांस ले सकें.वन विभाग की टीम लगातार तेंदुए पर नजर बनाए हुए है. विगत से ही ड्रोन कैमरे का इस्तेमाल कर तेंदुए की लोकेशन ट्रैक की जा रही है.

विभाग ने एक और प्रयास करते हुए तेंदुए को पकड़ने के लिए एक नया तरीका अपनाया है. टीम ने खेत के अंदर एक पिंजरा स्थापित किया है और उसे तेंदुए को आकर्षित करने वाले गारा से भर दिया है, ताकि उसे पिंजरे में कैद किया जा सके.वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि यदि तेंदुआ फिर से स्पष्ट रूप से दिखाई देता है, तो स्थिति की गंभीरता को देखते हुए रीवा से विशेष रेस्क्यू टीम को तुरंत बुलाया जाएगा.

इसके बाद पूरी तैयारी और सुरक्षा के साथ तेंदुए को बेहोश कर रेस्क्यू किया जाएगा.तेंदुए को पकड़ने के अभियान की निगरानी के लिए मौके पर एसडीओ वनमंडल एमडी मानिकपुरी, वन परिक्षेत्र अधिकारी विक्रम चौधरी, और हटा वन परिक्षेत्र अधिकारी ऋषि तिवारी सहित वन विभाग का पूरा अमला पूरी व्यवस्थाओं और तैयारी के साथ मौजूद है.जब तक तेंदुआ पकड़ में नहीं आ जाता, तब तक क्षेत्र में भय का माहौल बना रहेगा. ग्रामीणों ने वन विभाग से जल्द से जल्द रेस्क्यू ऑपरेशन पूरा करने की अपील की है ताकि क्षेत्र में शांति और सामान्य जनजीवन बहाल हो सके.



## सांसद खेल महोत्सव की बैठक

▸ मंत्री कार्यालय नोहटा की बैठक में हुई चर्चाएं

**नवभारत,दमोह.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन फिट युवा फॉर विकसित भारत के अंतर्गत लोकसभा स्तर पर विभिन्न खेलों के का आयोजन किया जा रहा है.. जिसमें जबेरा विधानसभा स्तरीय वालीबाल एवं कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन निर्धारित किया गया है. वॉलीबॉल रानी अवंती बाई लोधी परिसर नोहटा में 21,22,23 नबंवर को व कबड्डी प्रतियोगिता करौंदी पैराडिया में 18,19 को आयोजित की जाएगी । प्रत्येक विधानसभा के खिलाड़ी चयनित होकर लोकसभा स्तर पर अपना प्रदर्शन करेंगे.लोक सभा स्तर पर मैराथन, हैंडबॉल, खो खो, बास्केटबॉल, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, चैस, टेबल टेनिस, बैडमिंटन, कुश्ती, जैसे विभिन्न खेलों का आयोजन किया जाएगा विजेता को नगद इनामी राशि प्रदान की जाएगी.उत्सुक युवा अपना रजिस्ट्रेशन पर जाकर कर सकते हैं.मंत्री अनुज नितेन्द्र सिंह के अगुवाई में बैठक आहूत की गई जिसमें में खेल प्रभारी गोपाल पटेल, सांसद निज सहायक, भागीरथ पटेल एवं खेल जगत से जुड़े नागरिक जनों की उपस्थिति रही.



## ग्रामीणजन बच्चियों को अच्छी शिक्षा दें : एएसपी

**नवभारत तेंदूखेड़ा/दमोह.** क्षेत्र के ग्राम पंचायत धन गौर में गुरुवार की शाम को जन चौपाल का आयोजन किया गया. जिसमें पंचायत के सैकड़ों की संख्या में महिलाएं, पुरुष, युवा और बच्चियां शामिल हुई. कार्यक्रम में एडिशनल एसपी सुजीत सिंह, एसडीओपी देवीसिंह ठाकुर, सीईओ मनीष बागरी, थाना प्रभारी नीतेश जैन, प्रमुख रूप से मौजूद रहे. इस दौरान एडिशनल एसपी सुजीत भदौरिया ने चौपाल में उपस्थित ग्रामवासियों से बच्चियों की उचित देखभाल की अपील कर उनको हर हाल में उच्च शिक्षा दिलवाने का निवेदन कर ग्राम में साफ- सफाई रखने, नशा से दूर रहने युवाओं से ग्राम के विकास में सहयोग देने को कहा. एसडीओपी देवीसिंह ठाकुर ने झगड़ों विवादो से दूर रहने, नीतेश जैन ने छोटे मसले ग्राम में ही सुलझाने की अपील की. थाने में अपराध करने वाले अवैध शराब बेचने वालों नशाखोरी के बाद उत्पात मचाने वालों की सूचना तत्काल थाने में देने का निवेदन उपस्थित जनसमूह से किया. इस दौरान संतोष पाल सहित अन्य कई प्रमुख लोग मौजूद रहे.जिनमें बीजेपी मंडल अध्यक्ष संतराम पाल विशेष रूप से शामिल रहे.

**स्वदेशी मेला** | मंच पर कवि सम्मेलन ने जगाया देशप्रेम और स्वदेशी का भाव

# महिलाओं ने वीरांगनाओं का रूप धर कर किया नारी शक्ति के शौर्य को नमन

**नवभारत,दमोह.** स्वर्णिम भारत वर्ष फाउंडेशन और स्वदेशी की जागरण मंच के तत्वाधान में नगर के तहसील मैदान में आयोजित हो रहे स्वदेशी मेला 2025 के सातवें दिन मेला परिसर में सांस्कृतिक गतिविधियां खेल प्रतियोगिताओं के साथ सामाजिक गतिविधियां आयोजित हुई. मंचीय प्रस्तुतियों की श्रृंखला में जहां ख्याति प्राप्त कवियों ने अपनी कविताओं के माध्यम से देश प्रेम, भारतीय मूल्यों और भारतीय संस्कृति के गौरव का बखान किया, वही मुख्य वक्ता के रूप में संघ के क्षेत्रीय प्रचार प्रमुख कैलाश चंद्र भाई साहब और स्वदेशी जागरण मंच के सीईओ साकेत जी राठौर के द्वारा विभिन्न विषयों पर अपने 2विचार रखे गए.मंचीय कार्यक्रमों का प्रारंभ परंपरा अनुसार भारत माता और स्वदेशी विचार के जनक दत्तोपंत जी ठेंगड़े के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन और माल्यार्पण के साथ हुआ. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वक्ता के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्रीय प्रचार प्रमुख कैलाश चंद्र,अखिल भारतीय सह मेला प्रमुख और स्वर्णिम भारतवर्ष फाउंडेशन के सीईओ साकेत राठौर,अध्यक्षता जिला संघचालक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ डॉ. अश्विनी नामदेव, और मंच पर रामलाल जी पटेल,डॉ. विक्रांत सिंह चौहान,मेघा ताम्रकार, दीपक तिवारी, बृजेंद्र राठौर, डॉ सोनल राय,कमलेश पटेल,सुमित भगत रहे। इन सभी का स्वागत आयोजन समिति के दायित्ववान कार्यकर्ताओं द्वारा किया गया.वक्त के रूप में आए साकेत जी राठौड़ ने भारतीय बाजारों पर विदेशी कंपनियों द्वारा किए जा रहे प्रहार और उसके पीछे छिपी मंशा को3 समझाते हुए अपने विचार रखे। कार्यक्रम के दूसरे दूसरे वक्ता कैलाश चंद्र ने भारतीय बाजारों और भारतीय संस्कृति को प्रभावित करने वाली विदेशी शक्तियों, कंपनियों और डीप स्टेट थ्योरी पर अपने विचार रखा.

